जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / परीक्षा–2 / गोपनीय / 2016 / 1089 दिनांक : 10.06.2016

प्रति,

प्राचार्य /प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,

जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपलोड न होने पर परीक्षार्थियों को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित करने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक में सूचित किया जाता है कि बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.एस.सी. (होमसाइंस) षष्ठम् सेमेस्टर परीक्षा जून, 2016 का परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जाना है। यदि आपके महाविद्यालय के छात्रों के प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड होने से रह गये हों तो उन्हें दिनांक 13.06.2016 तक आवश्यक रूप से अपलोड करें एवं उसकी हॉर्ड कॉपी विश्वविद्यालय कार्यालय में दिनांक 14.06.2016 तक आवश्यक रूप से जमा करायें।

इसके उपरान्त भी यदि किसी छात्र के प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन अपडेट नहीं किए जाते हैं तो ऐसे परीक्षार्थियों को अनुपस्थित दर्शाते हुए उनका परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त किसी भी परिस्थिति में महाविद्यालय द्वारा भेजे गये अंकों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यदि किसी छात्र द्वारा ऑफलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा गया है और उसके प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपलोड नहीं हो पा रहे हों तो उनकी सूची भी पृथक से विश्वविद्यालय में दिनांक 14.06.2016 तक आवश्यक रूप से जमा करायें।

अतः आपके द्वारा प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं भेजने की स्थिति में परीक्षार्थी का परिणाम अनुपस्थित मानते हुए घोषित किया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. **कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
2. **कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**

उप-कुलसचिव (परीक्षा)